# SOCIAL STUDIES

## Class 10th

## (POLITICAL SCIENCE)

### Chapter 6: राजनीतिक दल




**To get notes visit our website**

**mukutclasses.in**

# अभ्यास के प्रश्न

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

**प्रश्न 1. लोकतंत्र में राजनीतिक दलों की विभिन्न भूमिकाओं का वर्णन कीजिए।**
**उत्तर** लोकतंत्र में राजनीतिक दलों की विभिन्न भूमिकाएँ निम्नलिखित हैं-
1. चुनाव लड़ना।
2. नीतियाँ व कार्यक्रम जनता के सामने रखना
3. कानून निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाना।
4. सरकार बनाना और सरकार चलाना।
5. विरोधी दल के रूप में काम करना ।
6. जनमत निर्माण करना ।
7. कल्याणकारी कार्यक्रमों को जनता तक पहुँचाना।

**प्रश्न 2. राजनीतिक दलों के सामने क्या चुनौतियाँ हैं?**
**उत्तर** राजनीतिक दलों के सामने निम्नलिखित चुनौतियां है-
1. आंतरिक लोकतंत्र का अभाव
2. वंशवाद की चुनौती
3. धन और अपराधी तत्वों की घुसपैठ
4. विकल्पहीनता की स्थिति
5. पारदर्शिता का अभाव

**प्रश्न 3. राजनीतिक दल अपना कामकाज बेहतर ढंग से करें, इसके लिए उन्हें मजबूत बनाने के कुछ सुझाव दें।**
**उत्तर** अपना कामकाज बेहतर ढंग से करें इसके लिए निम्नलिखित सुझाव है-
1. दल बदल कानून को सख्त किया जाए
2. आपराधिक प्रवृत्तियों के लोगों पर रोक लगे
3. राजनीतिक दलों में समय-समय पर संगठन के चुनाव हों।
4. राजनीतिक दलों के आंतरिक कामकाज को पारदर्शी बनाया जाए
5. चुनाव पर होने वाले खर्च में पारदर्शिता लाई जाए।

**प्रश्न 4. राजनीतिक दल का क्या अर्थ होता है?**
**उत्तर** राजनीतिक दल को लोगों के एक ऐसे संगठित समूह होता है जो चुनाव लड़ने और सरकार में राजनीतिक सत्ता हासिल करने के उद्देश्य से काम करता है। समाज के सामूहिक हित को ध्यान में रखकर यह समूह कुछ नीतियाँ और विचारधारा तय करता है।

**प्रश्न 5. किसी भी राजनीतिक दल के क्या गुण होते हैं?**
**उत्तर**
1. राजनीतिक दल समाज के सामूहिक हितों को ध्यान में रखकर कुछ नीतियाँ और कार्यक्रम बनाते हैं।
2. राजनीतिक दलों की एक सामूहिक विचारधारा होती है।
3. राजनीतिक दल लोगों का समर्थन पाकर चुनाव जीतने पर उन नीतियों को लागू करने का प्रयास करते हैं।
4. राजनीतिक दल समाज के किसी एक हिस्से का प्रतिनिधित्व करते है इसलिए इसका नजरिया समाज के उस वर्ग विशेष की तरफ झुका होता है।
5. राजनीतिक दल के तीन मुख्य हिस्से हैं-नेता, सक्रिय सदस्य, अनुयायी या समर्थक।

MyKUTclasses

**प्रश्न 6. चुनाव लड़ने और सरकार में सत्ता सँभालने के लिए एकजुट हुए लोगों के समूह को-----------कहते हैं।**
**उत्तर** राजनीतिक दल।

**प्रश्न 7. पहली सूची (संगठन/दल) और दूसरी सूची (गठबंधन/मोर्चा) के नामों का मिलान करें और नीचे दिए गए कूट नामों के आधार पर सही उत्तर ढूँढें**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| 1. कांग्रेस पार्टी<br>2. भारतीय जनता पार्टी<br>3. भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी)<br>4. तेलुगुदेशम पार्टी | (क) राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन<br>(ख) प्रांतीय दल<br>(ग) संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन<br>(घ) वाम मोर्चा |

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (क) | ग | क | ख | घ |
| (ख) | ग | घ | क | ख |
| (ग) | ग | क | घ | ख |
| (घ) | घ | ग | क | ख |

**उत्तर** (ग) ग क घ ख

**प्रश्न 8. इनमें से कौन बहुजन समाज पार्टी का संस्थापक है?**
(क) काशीराम
(ख) साहू महाराज
(ग) बी०आर० अंबेडकर
(घ) ज्योतिबा फुले
**उत्तर** (क) काशीराम ।

**प्रश्न 9. भारतीय जनता पार्टी का मुख्य प्रेरक सिद्धांत क्या है?**
(क) बहुजन समाज
(ख) क्रांतिकारी लोकतंत्र
(ग) सांस्कृतिक राष्ट्रवाद
(घ) आधुनिकता
**उत्तर** (ग) सांस्कृतिक राष्ट्रवाद।

**प्रश्न 10. पार्टियों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर गौर करें**
(अ) राजनीतिक दलों पर लोगों का ज्यादा भरोसा नहीं है।
(ब) दलों में अक्सर बड़े नेताओं के घोटालों की गूंज सुनाई देती है।
(स) सरकार चलाने के लिए पार्टियों का होना जरूरी नहीं ।

MUKUT Classes

**इन कथनों में से कौन सही है?**
(क) अ, ब और स
(ख) अ और ब
(ग) ब और स
(घ) अ और स
**उत्तर** (ख) अ और ब

**प्रश्न 11. निम्नलिखित उद्धरण को पढ़े और नीचे दिए गए प्रश्नों के जवाब दें:**
मोहम्मद यूनुस बांग्लादेश के प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं। गरीबों के आर्थिक और सामाजिक विकास के प्रयासों के लिए उन्हें अनेक अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार मिले हैं। उन्हें और उनके द्वारा स्थापित ग्रामीण बैंक को संयुक्त रूप से वर्ष 2006 का नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया। फ़रवरी 2007 में उन्होंने एक राजनीतिक दल बनाने और संसदीय चुनाव लड़ने का फैसला किया। उनका उद्देश्य सही नेतृत्व को उभारना, अच्छा शासन देना और नए बांग्लादेश का निर्माण करना है। उन्हें लगता है कि पारंपरिक दलों से अलग एक नए राजनीतिक दल से ही नई राजनीतिक संस्कृति पैदा हो सकती है। उनका दल निचले स्तर से लेकर ऊपर तक लोकतांत्रिक होगा।
नागरिक शक्ति नामक इस नये दल के गठन से बांग्लादेश में हलचल मच गई है। उनके फैसले को काफ़ी लोगों ने पसंद किया तो अनेक को यह अच्छा नहीं लगा। एक सरकारी अधिकारी शाहेदुल इस्लाम ने कहा, "मुझे लगता है कि अब बांग्लादेश में अच्छे और बुरे के बीच चुनाव करना संभव हो गया है। अब एक अच्छी सरकार की उम्मीद की जा सकती है। यह सरकार न केवल भ्रष्टाचार से दूर रहेगी बल्कि भ्रष्टाचार और काले धन की समाप्ति को भी अपनी प्राथमिकता बनाएगी।"
पर दशकों से मुल्क की राजनीति में रुतबा रखने वाले पुराने दलों के नेताओं में संशय है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के एक बड़े नेता का कहना है "नोबेल पुरस्कार जीतने पर क्या बहस हो सकती है पर राजनीति एकदम अलग चीज़ है एकदम चुनौती भरी और अक्सर विवादास्पद।" कुछ अन्य लोगों का स्वर और कड़ा था। वे उनके राजनीति में आने पर सवाल उठाने लगे। एक राजनीतिक प्रेक्षक ने कहा, देश से बाहर की ताकतें उन्हें राजनीति पर थोप रही हैं।

**क्या आपको लगता है कि यूनुस ने नयी राजनीतिक पार्टी बनाकर ठीक किया?**
**क्या आप विभिन्न लोगों द्वारा जारी बयानों और संदेशों से सहमत हैं? इस पार्टी को दूसरों से अलग काम करने के लिए खुद को किस तरह संगठित करना चाहिए? अगर आप इस राजनीतिक दल के संस्थापकों में एक होते तो इसके पक्ष में क्या दलील देते?**

**उत्तर** मुझे लगता है कि यूनुस ने नयी राजनीतिक पार्टी बनाकर ठीक ही किया। जनहित की इच्छा रखने वालों को अवश्य ही आगे आना चाहिए और अच्छे अच्छे काम करने चाहिए।
जनकल्याण करने वालों को आलोचनाओं की परवाह कभी नहीं करनी चाहिए। उन्हें अपना काम करते जाना चाहिए। मुहम्मद यूनूस द्वारा निर्मित यह पार्टी निस्संदेह निष्पक्ष तथा जनकल्याण के सिद्धांतों पर आधारित होगी। इस पार्टी में ईमानदार लोगों का समावेश होना चाहिए। क्योंकि तभी यह एक मिसाल बन पाएगी और दूसरों से अलग काम कर पाएगी।
यदि में इस राजनीतिक दल के संस्थापकों में एक होता तो मैं आम जनता को यह विश्वास दिलाने की कोशिश करता कि मुहम्मद यूनुस द्वारा निर्मित पार्टी आदर्शों पर आधारित है और वह उनका कल्याण अवश्य करेगी।